उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

हरिद्वार–249404

संख्याः– 256 / 19 / डी0आर0(स0नि0) / सेवा–2 / 2021–22 दिनांकः 09 अगस्त, 2024

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत सफाई निरीक्षक परीक्षा–2023 के विज्ञापन दिनांक 08 अगस्त, 2023 के क्रम में मुख्य लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का आयोजन दिनांक 03 दिसम्बर, 2023 को किया गया था। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों से विज्ञप्ति संख्या–294, दिनांक 14 दिसम्बर, 2023 के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन में किये गये दावों के सापेक्ष अभिलेख / प्रमाण–पत्र आयोग कार्यालय में दिनांक 29 दिसम्बर, 2023 तक प्राप्त किये गये। ऑनलाइन आवेदन में किये गए दावों के समर्थन में उपलब्ध कराये गए प्रमाण पत्रों / अभिलेखों की सन्निरीक्षा के उपरान्त मा0 आयोग द्वारा प्रश्नगत परीक्षा हेतु **दिनांक 10 अप्रैल, 2024** को अनर्ह सूची एवं अधिमानी अर्हता विषयक सूची के संबंध में अभ्यर्थियों को प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए **दिनांक 25 अप्रैल, 2024** तक समय प्रदान किया गया, जिसके सापेक्ष अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदनों / अभिलेखों का पुनः परीक्षणोंपरांत मा0 आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को प्रश्नगत परीक्षा के लिए अभिलेख सत्यापन हेतु औपबन्धिक रूप से अर्ह किया गया है। अर्ह अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन **दिनांक 21 एवं 22 अगस्त, 2024** को परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में किया जाना निर्धारित है। अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम व अन्य दिशानिर्देश आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थीगण अभिलेख सत्यापन सूची का अवलोकन करना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त अनर्हता सूची दिनांक 10 अप्रैल, 2024 के सापेक्ष अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदनों के निस्तारण संबंधी सूची एवं अनर्हता सूची आयोग की बेवसाइट पर प्रकाशित की गयी है। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नही की जायेगी।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।